This Question Paper consists of **32** questions [Section-A (22) + Section-B (5 + 5)] and **16** printed pages.
इस प्रश्न–पत्र में **32** प्रश्न [खण्ड 'अ'(22) + खण्ड 'ब'(5 + 5)] तथा **16** मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No. / **अनुक्रमांक** | | | | | | | | | | | | |

Code No. 51/OSS/2
कोड नं.

SET/सेट **A**

ACCOUNTANCY
लेखांकन
(Principles and Practice of Financial Accounting)
(वित्तीय लेखांकन के सिद्धान्त एवं व्यवहार)
(320)

Day and Date of Examination
(परीक्षा का दिन व दिनांक) ______________________________

Signature of Invigilators 1. ______________________________
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)
2. ______________________________

General Instructions :

1 Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.

2 Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.

3 Making any identification mark in the answer-book or writing roll number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.

4 Write your Question Paper Code No. **51/OSS/2, Set–A** on the answer-book.

5 (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :
English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.
You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the answer-book.

(b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

सामान्य अनुदेश :

1 परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें ।

2 कृपया प्रश्न–पत्र को जाँच लें कि प्रश्न–पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है । इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं ।

3 उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।

4 अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्न–पत्र की कोड संख्या **51/OSS/2, सेट-A** लिखें ।

5 (क) प्रश्न–पत्र केवल हिंदी/अंग्रेजी माध्यम में है । फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं:
अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी ।
कृपया उत्तर–पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं ।

(ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों / गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी ।

ACCOUNTANCY

लेखांकन

(Principles and Practice of Financial Accounting)

(वित्तीय लेखांकन के सिद्धान्त एवं व्यवहार)

(320)

Time : **3** Hours] [Maximum Marks : **100**

समय : 3 घण्टे] [पूर्णांक : **100**

Note : (i) This Question Paper consists of **two** Sections, viz., '**A**' and '**B**'.

(ii) ***All*** questions from Section '**A**' are to be attempted.

(iii) Section '**B**' has got more than one option. Candidates are required to attempt questions from ***one*** option only.

निर्देश : (i) इस प्रश्न–पत्र में **दो** खण्ड हैं – खण्ड 'अ' तथा खण्ड '**ब**' ।

(ii) खण्ड 'अ' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है ।

(iii) खण्ड '**ब**' में एक से अधिक विकल्प हैं । परीक्षार्थियों को केवल **एक** विकल्प के ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

SECTION - A

खण्ड – अ

1 What is meant by 'Suspense account' ? **1**

उचिन्त खाते का क्या अर्थ है ?

2 Distinguish between 'fixed capital account' and 'fluctuating capital account' on the basis of balance. **1**

शेष के आधार पर 'स्थायी पूँजी खाते' तथा 'परिवर्तनशील पूँजी खाते' में अन्तर दीजिए ।

3 What is meant by 'Common Seal' of a company ? **1**

कम्पनी की 'सामान्य मुद्रा' का क्या अर्थ है ?

4 What is meant by a 'contraentry' ? Give any two examples. **2**

'प्रति प्रविष्टि' का क्या अर्थ है ? कोई दो उदाहरण दीजिए ।

5 State the disadvantages of 'cash basis' of accounting. **2**

'रोकड़ आधारित' लेखांकन की हानियों का उल्लेख कीजिए ।

6 Distinguish between 'manual accounting' and 'computerized accounting' on the basis of : **2**

(i) recording and

(ii) adjustment entries

'मैनुअल लेखांकन' तथा 'कम्प्यूटरीकृत लेखांकन' में निम्न के आधार पर अन्तर दीजिए :

(i) अभिलेखन तथा

(ii) समायोजन प्रविष्टियाँ

7 Define 'transaction' and 'business entity'. **2**

'लेन–देन' तथा 'व्यवसायिक इकाई' की परिभाषा दीजिए ।

8 State any two objectives of financial accounting. **2**

वित्तीय लेखांकन के किन्हीं दो उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए ।

9 What is meant by 'gaining ratio' ? **2**

'अधिलाभ अनुपात' का क्या अर्थ है ?

10 What is meant by 'Accounting Period Concept' ? State its significance, giving any three points. **4**

'लेखांकन अवधि अवधारणा' का क्या अर्थ है ? इसके महत्व का कोई तीन बिन्दु देकर उल्लेख कीजिए ।

11 What is meant by 'Ledger' ? Name any four types of ledger. **4**

खाता बही का क्या अर्थ है ? किन्हीं चार प्रकार की खाता बही के नाम दीजिए ।

12 Record the following transactions in the books of Hema : **4**

(i) Received ₹ 9,850 from Ashok a debtor in full settlement of his account of ₹ 10,000.

(ii) Paid ₹ 30,000 to Ravi a creditor on account out of a sum of ₹ 35,000 payable to him.

(iii) Outstanding repairs bill was ₹ 750

(iv) Paid insurance in advance ₹ 1,500.

निम्नलिखित लेनदेनों की प्रविष्टियाँ हेमा की पुस्तकों में कीजिए :

(i) ₹ 10,000 के एक देनदार अशोक से पूर्ण निपटारे हेतु ₹ 9,850 प्राप्त किये ।

(ii) ₹ 35,000 के एक लेनदार रवि को उसके खाते हेतु ₹ 30,000 का भुगतान किया ।

(iii) अदत्त मरम्मत बिल ₹ 750 था ।

(iv) अग्रिम बीमा का भुगतान ₹ 1,500 किया ।

13 Record the following transactions in the 'Sales Book' of M/s Gopal Furnitures who are dealers in furniture : **4**

2015

April 1 Sold to M/s Amogh & Sons on credit
2 Double Beds @ ₹ 15,000 per bed.
10 Chairs @ ₹ 500 per chair. Trade discount 15%.

April 5 Sold to M/s Jain & Co. on credit
10 Tables @ ₹ 1,000 per table.
5 Dining tables @ ₹ 2,000 per table. Trade discount 15%.

April 20 Sold to M/s. Sonam & Co. on credit
2 Sofa sets @ ₹ 25,000 per set. Trade discount 15%.

मै. गोपाल फर्नीचर्स जो फर्नीचर डीलर है की 'विक्रय पुस्तक' में निम्न लेनदेनों का लेखा कीजिए :

2015

अप्रैल 1 मै. अमोघ एण्ड सन्स को उधार विक्रय किया
2 डबल बैड ₹ 15,000 प्रति बैड, 10 कुर्सी ₹ 500 प्रति कुर्सी
व्यापारिक बट्टा 15%.

अप्रैल 5 मै. जैन एण्ड कं. को उधार विक्रय किया
10 टेबल ₹ 1,000 प्रति टेबल, 5 डाइनिंग टेबल ₹ 2,000 प्रति टेबल
व्यापारिक बट्टा 15%.

अप्रैल 20 मै. सोनम एण्ड कं. को उधार विक्रय किया
2 सोफा सेट ₹ 25,000 प्रति सोफा सेट
व्यापारिक बट्टा 15%.

14 From the following information prepare a bank reconciliation statement of Salim as on 31st July 2015 : **4**

	₹
Bank overdraft as per pass book	50,000
Interest on bank overdraft	1,000
Insurance premium paid by bank	2,500
Cheques sent to bank for collection but not yet credited	42,000
Amount wrongly credited by bank in Salim's account	4,000

निम्नलिखित सूचना के आधार पर 31 जुलाई 2015 को सलीम का बैंक समाधान विवरण तैयार कीजिए :

	₹
पास बुक द्वारा दर्शाया गया अधिविकर्ष	50,000
अधिविकर्ष पर ब्याज	1,000
बैंक द्वारा भुगतान किया गया बीमा प्रीमियम	2,500
बैंक को एकत्रित करने के लिए भेजे गये चैक लेकिन अभी तक जमा नहीं किये गये	42,000
बैंक द्वारा सलीम के खाते में गलती से जमा	4,000

15 Rural India Entertainment Club paid rent ₹ 30,000 for the year ended 31st March 2015. Rent still to be paid amounts to ₹ 4,000. Rent ₹ 5,750 was paid during the year 2013-2014 for the year 2014-2015. **4**

Calculate the amount of rent to be debited to the Income and Expenditure Account of the Club for the year ended 31-3-2015.

'ग्रामीण भारत मनोरंजन क्लब' ने 31 मार्च 2015 को समाप्त हुए वर्ष के लिए ₹ 30,000 किराये का भुगतान किया । ₹ 4,000 किराये का भुगतान अभी करना है । वर्ष 2013-2014 में वर्ष 2014-2015 के लिए भुगतान किया गया किराया ₹ 5,750 था ।

31 मार्च 2015 को समाप्त हुए वर्ष के लिए क्लब के आय तथा व्यय खाते के नाम में लिखे जाने वाले किराये की गणना कीजिए ।

16 A, B and C were partners in a firm sharing profits in 5 : 3 : 2 ratio. On 1^{st} July 2015 they admitted D as a new partner for $1/6^{th}$ share in the profits, which he acquired from A, B and C in the ratio of 4 : 3 : 3. **4**

Calculate the new profit sharing ratio of A, B, C and D.

क, ख तथा ग एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ बांटते थें । 1 जुलाई 2015 को लाभ के 1/6 भाग के लिए उन्हों ने घ को एक नया साझेदार बनाया । घ ने अपना भाग क, ख तथा ग से 4 : 3 : 3 के अनुपात में प्राप्त किया । क, ख, ग तथा घ का नया लाभ अनुपात ज्ञात कीजिए ।

17 With the help of an example for each, explain (a) over subscription of shares and (b) under subscription of shares. **4**

प्रत्येक के एक–एक उदाहरण की सहायता से (क) अंशों का आधिक्य – अभिदान तथा (ख) अंशों का अल्प – अभिदान को समझाइए ।

18 Rectify the following errors in the books of M/s Pranaya & Bros. : **6**

(i) Sales return book was undercash by ₹ 250.

(ii) Cheque ₹ 7,550 issued to M/s Vikram & Co. was not recorded in cash book.

(iii) A purchase of ₹ 27,500 from M/s. Gupta & Sons was recorded in the purchase return book.

(iv) ₹ 10,750 paid for repairs of machinery were debited to machinery account.

मै. प्रणया एण्ड ब्रदर्स की पुस्तकों में निम्नलिखित अशुद्धियों के शोधन की रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) विक्रय वापसी पुस्तक का योग ₹ 250 कम लगाया गया ।

(ii) मै. विक्रम एण्ड कं. को निर्गमित ₹ 7,550 के एक चैक का लेखा रोकड़ बही में नहीं किया गया ।

(iii) मै. गुप्ता एण्ड सन्स से ₹ 27,500 के क्रय का लेखा क्रय वापसी पुस्तक में कर दिया गया ।

(iv) मशीनरी की मरम्मत पर ₹ 10,750 के व्यय को मशीनरी खाते के नाम में लिख दिया गया ।

19 M.B. Cine Production Ltd. invited applications for issuing 70,000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 2 per share. The amount was payable as follows : **6**

On Application and allotment ₹ 4 per share (including premium)

On First call ₹ 6 per share

On Second and Final call – Balance.

Applications for 1,50,000 shares were received. Applications for 10,000 shares were rejected and money refunded. Shares were alloted to the remaining applicants on pro-rata basis. Excess money received with applications were adjusted towards sums due on first call. All calls were made and were duly received except on shares of Joy who had applied for 1400 shares and did not pay the two calls. This shares were forfeited after the final call.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the company.

एम. बी. साइन प्रोडक्शन लि. ने ₹ 10 प्रत्येक के 70,000 समता अंशों को ₹ 2 प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमन्त्रित किये । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से करना था :

आवेदन तथा आबंटन पर ₹ 4 प्रति अंश (प्रीमियम सहित)

प्रथम याचना पर ₹ 6 प्रति अंश

दूसरी तथा अन्तिम याचना पर – शेष

1,50,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 10,000 अंशों के लिए आवेदनों को रद कर दिया गया तथा राशि वापिस कर दी गई । शेष आवेदकों को अनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन कर दिया गया । आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का समायोजन प्रथम याचना पर देय राशि में कर लिया गया । सभी याचनाएँ मांग ली गई तथा जॉय जिसने 1400 अंशों के लिए आवेदन किया था को छोडकर सभी प्राप्त हो गई । उसने दोनों याचनाओं का भुगतान नहीं किया । अन्तिम याचना के पश्चात् उसके अंशों को जब्त कर लिया गया ।

उपरोक्त लेनदेनों की कंपनी की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

20 Pass necessary journal entries in the books of C.B. Infrastructures Ltd. for the issue of debenture in the following cases : **6**

(i) Issued ₹ 97,000 10% debentures of ₹ 100 each at a discount of 6% redeemable at a premium of ₹ 20 per debenture after three years.

(ii) Issued 2,000, 9% debentures of ₹ 1,000 each at a premium of 10%, redeemable at a premium of 5% after three years.

(iii) Issued ₹ 10,00,000 9% debentures of ₹ 100 each at par redeemable at a premium of ₹ 10 per debenture after three years.

सी.बी. इन्फ्रास्ट्रक्चर्स लि. की पुस्तकों में निम्न स्थितियों में ऋणपत्रों के निर्गमन के लिए आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) ₹ 97,000 के ₹ 100 प्रत्येक के 10% ऋणपत्रों का निर्गमन 6% के बट्टे पर किया गया, जिनका शोधन तीन वर्षों के पश्चात् ₹ 20 प्रति ऋणपत्र के प्रीमियम पर करना था ।

(ii) ₹ 1,000 प्रत्येक 9% के 2,000 ऋणपत्रों का निर्गमन 10% के प्रीमियम पर किया गया, जिनका शोधन तीन वर्षों के पश्चात् 5% के प्रीमियम पर करना था ।

(iii) ₹ 100 प्रत्येक के ₹ 10,00,000 के 9% ऋणपत्रों का निर्गमन सम–मूल्य पर किया गया जिनका शोधन तीन वर्षों के पश्चात् ₹ 10 प्रति ऋणपत्र के प्रीमियम पर करना था ।

21 From the following trial balance of Lala Ram & Sons for the year ended 31st March, 2015, prepare Trading and Profit and Loss Account for the year ended 31st March 2015 and Balance Sheet as on that date : **10**

Particulars	*Debit Balances* ₹	*Credit Balances* ₹
Stock (1-4-2014)	35,000	-
Purchases	1,20,000	-
Sales	-	1,85,000
Carriage Inward	12,000	-
Commission paid	13,000	-
Rent, Rates and Taxes	17,000	-
Salaries	24,000	-
Bad debts	3,500	-
Electric charges	11,500	-
Bank Loan	-	30,000
Sundry debtors	45,000	-
Sundry creditors	-	35,000
Office equipments	70,000	-
Cash at bank	33,000	-
Building	2,30,000	-
Capital	-	3,64,000
	6,14,000	**6,14,000**

Adjustments :

(1) Closing stock was ₹ 74,000.

(2) A provision of 5% on debtors was to be created for bad and doubtful debts.

(3) Salaries outstanding were ₹ 5,000.

(4) Provide depreciation on building @ 10%.

(5) Loan was obtained @ 10% p.a. interest on 1-4-2014.

31 मार्च 2015 को लाला राम एण्ड सन्स के निम्नलिखित तलपट से 31 मार्च 2015 को समाप्त वर्ष के लिए व्यापारिक एवं लाभ–हानि खाता बनाइए तथा उसी तिथि को स्थिति विवरण तैयार कीजिए :

विवरण	**नाम शेष** ₹	**जमा शेष** ₹
स्टॉक (1-4-2014)	35,000	-
क्रय	1,20,000	-
विक्रय	-	1,85,000
आवक भाडा	12,000	-
कमीशन दिया	13,000	-
किराया, दरें तथा कर	17,000	-
वेतन	24,000	-
डूबत ऋण	3,500	-
बिजली व्यय	11,500	-
बैंक ऋण	-	30,000
विभिन्न देनदार	45,000	-
विभिन्न लेनदार	-	35,000
कार्यालय संयन्त्र	70,000	-
बैंक में रोकड़	33,000	-
भवन	2,30,000	-
पूँजी	-	3,64,000
	6,14,000	**6,14,000**

समायोजन :

(1) अन्तिम स्टॉक ₹ 74,000 था ।

(2) संदिग्ध तथा डूबत ऋणों के लिए देनदारों पर 5% का प्रावधान करना था ।

(3) अदत्त वेतन ₹ 5,000 था ।

(4) भवन पर 10% मूल्य ह्रास लगाना है ।

(5) ऋण 1-4-2014 को ब्याज की 10% वार्षिक की दर से प्राप्त किया गया ।

OR / अथवा

From the following Receipt and Payment Account of Shri Krishna Hospital for the year ended 31-3-2015 and additional information, prepare Income and Expenditure Account of the Hospital for the year ended 31st March 2015 and Balance Sheet as on that date :

Receipts	***Amount*** ₹	***Payments***	***Amount*** ₹
To Balance b/d		By Salaries	3,40,000
Cash	10,000	By Equipments	80,000
Bank	75,000	By Furniture	17,000
To Subscriptions	1,70,000	By Construction of building	3,00,000
To Sales of Medicines	2,70,000	By Diet expenses	85,000
To Donations	50,000	By Laundry expenses	8,000
To Govt. grant		By Electricity and	
for building	4,00,000	Water charges	98,000
To Bed charges	1,25,000	Cash	70,000
		Bank	1,02,000
	11,00,000		***11,00,000***

Additional Information :

(1) On 31-3-2015 subscription outstanding were ₹ 4,000 and subscriptions received in advance were ₹ 7,000.

(2) On 1-4-2014 the hospital had building ₹ 13,70,000, equipments ₹ 2,30,000.

(3) Subscriptions outstanding on 1-4-2014 were ₹ 9,000.

31 मार्च 2015 को समाप्त हुए वर्ष के लिए श्री कृष्णा अस्पताल के निम्नलिखित प्राप्ति तथा भुगतान खाते तथा अतिरिक्त सूचना से, 31 मार्च 2015 को समाप्त हुए वर्ष के लिए आय–व्यय खाता तथा उसी तिथि को स्थिति विवरण तैयार कीजिए :

प्राप्तियाँ	**राशि** ₹	**भुगतान**	**राशि** ₹
शेष आगे लाये		वेतन	3,40,000
रोकड़	10,000	संयन्त्र	80,000
बैंक	75,000	फर्नीचर	17,000
चन्दा	1,70,000	भवन निर्माण	3,00,000
दवाईयों का विक्रय	2,70,000	भोजन व्यय	85,000
दान	50,000	लांड्री व्यय	8,000
भवन के लिए		बिजली तथा जल व्यय	98,000
सरकारी अनुदान	4,00,000	रोकड़	70,000
बिस्तर किराया	1,25,000	बैंक	1,02,000
	11,00,000		***11,00,000***

अतिरिक्त सूचना :

(1) 31 मार्च 2015 को अदत्त चन्दा ₹ 4,000 तथा अग्रिम चन्दा ₹ 7,000 था ।

(2) 1-4-2014 को अस्पताल के पास ₹ 13,70,000 का भवन था, ₹ 2,30,000 के संयन्त्र थे ।

(3) 1-4-2014 को अदत्त चन्दा ₹ 9,000 था ।

22 P and Q were partners in a firm sharing profits in 3 : 2 ratio. Their balance sheet as on 31-3-2015 was as follows : 10

Liabilities	***Amount*** ₹	***Assets***	***Amount*** ₹
Capitals :		Land	2,00,000
P 1,40,000		Building	1,40,000
Q 1,00,000	2,40,000	Furniture	20,000
General Reserve	1,28,000	Debtors	48,000
Bank Loan	72,000	Stock	32,000
Sundry Creditors	80,000	Bank	80,000
	5,20,000		**5,20,000**

On the above date R was admitted as a new partner and the new profit sharing ratio was 3:2:3. It was agreed that R will bring ₹ 1,00,000 as his capital and the necessary amount of his share of goodwill premium. The goodwill of the firm was valued at ₹ 4,00,000. Building will be depreciated by 10% and land will be increased by ₹ 40,000. Furniture was to be depreciated by 5%. A provision of 5% on debtors was to be made for bad and doubtful debts.

Prepare Revaluation Account, Partners Capital Accounts and Balance Sheet of P, Q and R on R's admission.

पी तथा क्यू एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ बांटते थे । 31 मार्च 2015 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

देयताएँ	**राशि** ₹	**सम्पत्तियाँ**	**राशि** ₹
पूँजी :		भूमि	2,00,000
पी 1,40,000		भवन	1,40,000
क्यू 1,00,000	2,40,000	फर्नीचर	20,000
सामान्य संचय	1,28,000	देनदार	48,000
बैंक ऋण	72,000	स्टॉक	32,000
विभिन्न लेनदार	80,000	बैंक	80,000
	5,20,000		**5,20,000**

उपरोक्त तिथि को आर को एक नया साझेदार बनाया गया । नया लाभ अनुपात 3:2:3 था । यह निर्णय लिया गया कि आर अपनी पूँजी के ₹ 1,00,000 तथा ख्याति प्रीमियम के लिए अपने हिस्से की आवश्यक राशि लायेगा । फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 4,00,000 किया गया । भवन पर 10% मूल्यह्रास लगाया जायेगा तथा भूमि को ₹ 40,000 से बढाया जायेगा । फर्नीचर पर 5% का मूल्यह्रास लगाया जायेगा । देनदारों पर संदिग्ध एवं डूबत ऋणों के लिए 5% का प्रावधान किया जायेगा ।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खातें तथा आर के प्रवेश पर पी, क्यू तथा आर का स्थिति विवरण तैयार कीजिए ।

OR / अथवा

Ram, Mohan and Sohan were partners in a firm sharing profits in 5:3:2 ratio. On 31-3-2015 their balance Sheet was as follows :

Liabilities	***Amount*** ₹	***Assets***	***Amount*** ₹
Capitals :		Plant	2,08,000
Ram 1,80,000		Furniture	32,000
Mohan 1,40,000		Building	2,00,000
Sohan 1,20,000	4,40,000	Debtors	28,000
Workmen		Bills Receivables	18,000
compensation fund	40,000	Stock	10,000
Creditors	80,000	Profit and Loss A/c	50,000
Bills Payable	50,000	Bank	74,000
Outstanding expenses	10,000		
	6,20,000		**6,20,000**

On the above date the firm was dissolved. Assets were sold and the liabilities were paid as follows :

Plant was taken over by Ram for ₹ 1,80,000. Mohan took over furniture and stock for ₹ 20,000 and ₹ 6,000 respectively. Debtors and Bills Receivables were realised in full. Building was sold for ₹ 1,00,000.

A claim of ₹ 20,000 for workmen compensation was paid. Creditors accepted ₹ 74,000 in full settlement and Bills Payable were met in full. Outstanding expenses were settled at ₹ 7,400. Expenses of realisation amounted to ₹ 8,000.

Prepare Realisation Account, Partners Capital Account and Bank Account.

राम, मोहन तथा सोहन एक फर्म के साझेदार थे तथा 5:3:2 के अनुपात में लाभ बांटते थे। 31-3-2015 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

देयताएँ	**राशि** ₹	**सम्पत्तियाँ**	**राशि** ₹
पूँजी :		संयन्त्र	2,08,000
राम 1,80,000		फर्नीचर	32,000
मोहन 1,40,000		भवन	2,00,000
सोहन 1,20,000	4,40,000	देनदार	28,000
कर्मचारी क्षतिपूर्ति निधि	40,000	प्राप्य बिल	18,000
लेनदार	80,000	स्टॉक	10,000
देय बिल	50,000	लाभ–हानि खाता	50,000
अदत्त व्यय	10,000	बैंक	74,000
	6,20,000		**6,20,000**

उपरोक्त तिथि को फर्म का विघटन हो गया। निम्न प्रकार से सम्पत्तियों को बेच दिया गया तथा देयताओं का भुगतान कर दिया गया :

राम ने ₹ 1,80,000 में संयन्त्र को ले लिया। मोहन ने फर्नीचर तथा स्टॉक को क्रमशः ₹ 20,000 तथा ₹ 6,000 में ले लिया। देनदारों तथा प्राप्य बिलों से पूरा प्राप्त हो गया। भवन ₹ 1,00,000 में बेच दिया।

कर्मचारी क्षतिपूर्ति के ₹ 20,000 के एक दावे का भुगतान किया गया। लेनदारों ने पूर्ण निपटारे के रूप में ₹ 74,000 स्वीकार कर लिए तथा देय बिलों का पूर्ण भुगतान किया गया। अदत्त व्ययों का निपटारा ₹ 7,400 में किया गया। वसूली व्यय ₹ 8,000 थे।

वसूली खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा बैंक खाता तैयार कीजिए।

SECTION - B
खण्ड – ब

OPTION - I
विकल्प - I

(Analysis of Financial Statements)
(वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

23 What is meant by 'Comparative Balance Sheet' ? **1**

'तुलनात्मक स्थिति विवरण' का क्या अर्थ है ?

24 Give the formula of 'Debtors Turnover Ratio'. State its significance. **2**

'देनदार आवर्त अनुपात' का सूत्र दीजिए । इसके महत्व का भी उल्लेख कीजिए ।

25 State the interest of 'investors' and 'tax authorities' in analysis of financial statement. **2**

वित्तीय विवरण विश्लेषण में 'निवेशकों' तथा 'कर अधिकारियों' के हित का उल्लेख कीजिए ।

26 From the following information obtained from the books of XYZ Ltd., calculate 'Return on Investment'. **4**

	₹
Profit for the year	50,000
10% Loan	1,00,000
Current Assets	2,50,000
Current Liabilities	1,40,000
Fixed Assets	2,90,000

एक्स वाई जैड़ लि. की पुस्तकों से प्राप्त निम्न सूचना से 'निवेश पर प्रत्याय' की गणना कीजिए :

	₹
वर्ष का लाभ	50,000
10% ऋण	1,00,000
चालू सम्पत्तियाँ	2,50,000
चालू देयताएँ	1,40,000
स्थायी सम्पत्तियाँ	2,90,000

27 From the following Balance Sheet of S. K. Ltd. as at 31-3-2014 and 31-3-2015 prepare a Cash Flow Statement : 6

Liabilities	31-3-2014 ₹	31-3-2015 ₹	Assets	31-3-2014 ₹	31-3-2015 ₹
Share Capital	82,000	1,39,500	Land and Building	1,00,000	1,50,000
General Reserve	10,000	20,000	Machinery	40,000	60,000
Profit and Loss A/c	30,000	45,000	Stock	2,000	3,000
10% Debentures	20,000	10,000	Debtors	4,000	7,000
Creditors	5,000	6,000	Bills Receivables	2,000	1,500
Proposed Dividend	7,000	10,000	Cash at Bank	6,000	9,000
	1,54,000	**2,30,500**		**1,54,000**	**2,30,500**

Additional Information :

During the year depreciation charged on machinery was ₹ 6,000.

31-3-2014 तथा 31-03-2015 को एस. के. लि. के निम्न स्थिति विवरणों से कोष प्रवाह विवरण तैयार कीजिए :

देयताएँ	31-3-2014 ₹	31-3-2015 ₹	सम्पत्तियाँ	31-3-2014 ₹	31-3-2015 ₹
अंश पूँजी	82,000	1,39,500	भूमि तथा भवन	1,00,000	1,50,000
सामान्य संचय	10,000	20,000	मशीनरी	40,000	60,000
लाभ–हानि खाता	30,000	45,000	स्टॉक	2,000	3,000
10% ऋणपत्र	20,000	10,000	देनदार	4,000	7,000
लेनदार	5,000	6,000	प्राप्य बिल	2,000	1,500
प्रस्तावित लाभांश	7,000	10,000	बैंक	6,000	9,000
	1,54,000	**2,30,500**		**1,54,000**	**2,30,500**

अतिरिक्त सूचना :

वर्ष में मशीनरी पर ₹ 6,000 का मूल्यह्रास लगाया ।

OPTION - II

विकल्प - II

(Elementary Cost Accounting)

(प्रारम्भिक लागत लेखांकन)

23 What is meant by 'Indirect Labour' ? **1**

'अप्रत्यक्ष मजदूरी' का क्या अर्थ है ?

24 State any four objectives of 'Cost Accounting'. **2**

लागत लेखांकन के किन्हीं चार उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए ।

25 Define 'Cost Centre' and 'Cost Object'. **2**

'लागत केन्द्र' तथा 'लागत वस्तु' की परिभाषा दीजिए ।

26 From the following information prepare a statement showing total cost of production : **4**

	₹
Direct material	2,00,000
Direct labour	50,000
Direct expenses	30,000
Factory overheads	27,000
Office and Administration overheads	15,000

निम्नलिखित सूचना से उत्पादन की कुल लागत दर्शाने वाला एक विवरण तैयार कीजिए :

	₹
प्रत्यक्ष सामग्री	2,00,000
प्रत्यक्ष मजदूरी	50,000
प्रत्यक्ष व्यय	30,000
कारखाना उपरिव्यय	27,000
कार्यालय तथा प्रशासन उपरिव्यय	15,000

27 A firm maintains its stores ledger on the basis of FIFO method. From the following summary of Receipts and Issues of raw materials during the month of August 2015, prepare 'Stores Ledger Sheet'. **6**

2015

August	1	Opening balance 700 units @ ₹ 50 per unit.
"	6	Issued vide material requisition No. 740, 500 units
"	16	Purchase order No. 94, 1000 units @ ₹ 49 per unit
"	20	Purchase order No. 97, 500 units @ ₹ 51 per unit
"	26	Issued vide material requisition No. 745, 1000 units
"	30	Purchase order No. 100, 800 units @ ₹ 52 per unit

एक फर्म अपनी स्टोर बही को प्रथम आवक प्रथम जावक आधार पर बनाती है । अगस्त 2015 के लिए कच्चे माल की प्राप्ति एवं निर्गमन की निम्नलिखित सारांश से 'स्टोर बही विवरण' तैयार कीजिए ।

2015

अगस्त	1	आरम्भिक शेष 700 इकाई @ ₹ 50 प्रति इकाई
"	6	सामग्री निर्गमन संख्या 740, निर्गमित इकाई 500
"	16	क्रय आदेश संख्या 94, 1000 इकाई @ ₹ 49 प्रति इकाई
"	20	क्रय आदेश संख्या 97, 500 इकाई @ ₹ 51 प्रति इकाई
"	26	सामग्री निर्गमन संख्या 745, निर्गमित इकाई 1000
"	30	क्रय आदेश संख्या 100, 800 इकाई @ ₹ 52 प्रति इकाई ।